INDIAN SCHOOL SOHAR **SET -2**

FORMATIVE ASSESSMENT -1 (2015-16)

कक्षा ः 10 **विषय ः हिन्दी (पाठ्य□म ब)** **पूर्णांक ः 20**

दिनांक ः 13 -05-2015 **समय ः 40 मिनट**

निर्देश ः
1 इस प्रश्नपत्र में कुल **9** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2 प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले उसका □मांक अवश्य लिखा जाए।
3 प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रम से लिखिए।

प्रश्न - 1 अपठित काव्यांश ः **4**

तुम भारत, हम भारतीय हैं, तुम माता, हम बेटे
किसकी हिम्मत है कि तुम्हें दुष्टता–दृष्टि से देखे ?
ओ माता, तुम एक अरब से अधिक भुजाओं वाली,
सबकी रक्षा में तुम सक्षम, हो अदम्य बलशाली।।

भाषा, वेष, प्रदेश भिन्न हैं, फिर भी भाई–भाई,
भारत की साझी संस्कृति में पलते भारतवासी।
सुदिनों में हम एक साथ हँसते, गाते, सोते हैं
दुर्दिन में भी साथ–साथ जगते पौरुष ढोते हैं।।

तुम हो शस्यश्यामला, खेतों में तुम लहराती हो,
प्रकृति प्राणमयि, सामगानमयि, तुम न किसे भाती हो !
तुम न अगर होती तो धरती वसुधा क्यों कहलाती ?
गंगा कहाँ बहा करती, कविता क्यों गायी जाती ?

ऊपर दिए गए काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

प्रश्न - अ) 'साझी संस्कृति' का क्या भाव है ?

प्रश्न - ब) भारतीयों और भारत के बीच कैसा संबंध बताया गया है ?

प्रश्न - स) भारत को अदम्य बलशाली क्यों कहा गया है ?

प्रश्न - द) सुख–दुख के दिनों में भारतीयों का परस्पर व्यवहार कैसा होता है ?

प्रश्न -2 नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित पदों के भेद लिखिए । **1**

i) कोल्हापुरी चप्पलें सभी पसंद करते हैं।

ii) राजू सदैव सच बोलता है।

प्रश्न - 3 विकारी पदों के नाम उदाहरण सहित लिखिए। **1**

प्रश्न - 4 निम्नलिखित मुहावरे का प्रयोग करके अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए ः **1**

बदन में आग लग जाना

प्रश्न - 5 उपयुक्त मुहावरे का प्रयोग करके खाली स्थान भरो ः **1**

सुनील गावस्कर को आउट करने के लिए गेंदवाज को ....आ जाता था।

प्रश्न - 6 अनुभव तथा पुस्तकीय ज्ञान में से बड़े भाई साहब ने किसे महत्त्वपूर्ण माना है ? इसे उचित उदाहरण देते हुए समझाइए। **3**

प्रश्न - 7 बड़े भाई साहब ने छोटे भाई की सफलता के बारे में कौन सा मुहावरा कहा और उस मुहावरे का क्या तात्पर्य था ? बड़े भाई साहब पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **3**

प्रश्न - 8 'कस्तूरी कुंडलि बसै मृग ढूँढ़े वन माँहि' इस पंक्ति द्वारा कबीरदास जी समाज को क्या संदेश देना चाहते हैं।पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **3**

प्रश्न - 9 भारत में बेकारी की समस्या के कारणों की चर्चा करते हुए दो बेरोजगार नवयुवकों के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में प्रस्तुत कीजिए। **3**

....